# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001
(पंजीयन सं०–633/2003)
Website: basabihar.in , E-mail Id : infobasa1@gmail.com

अध्यक्ष,
*सुरेश कुमार शर्मा
मो० 9473191199, 9431479774

महासचिव,
*सुशील कुमार
मो० 9431091417

उपाध्यक्ष :- * सआदत हसन मिन्टो
* राजेन्द्र राम
संयुक्त सचिव:- * राजचन्द्र वार्डियार
* अखिल कुमार
कोषाध्यक्ष:- * चन्द्र शेखर सिंह
संयुक्त कोषाध्यक्ष:- * विनोद आनन्द

दिनांक 6/9/2012

पत्रांक : 47

सेवा में,

माननीय उप मुख्यमंत्री,
बिहार सरकार

विषय– बिहार प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना को दिनांक–26.07.2012 को समर्पित बिहार प्रशासनिक सेवा से संबंधित समस्याओं के ज्ञापनों का भवदीय स्तर से शीघ्र निष्पादन करवाने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सादर कहना है कि बिहार प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा सेवा से संबंधित निम्न बिन्दुओं यथा :–

1. रूपान्तरित सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना 2010 की वित्त विभाग द्वारा गलत व्याख्या करने के संबंध में (संघ का पत्रांक–35 दिनांक–26.07.2012 )।
2. निर्गत वेतन पूर्जा में परिलक्षित त्रुटि के निराकरण के संबंध में (संघ का पत्रांक–36 दिनांक–26.07.2012)।
3. पुनरीक्षित वेतन के तहत एक ही बैच के मूल कोटि के पदाधिकारियों की सेवा सम्पुष्टि की तिथि भिन्नता की स्थिति में वेतन पर्ची गलत ढ़ंग से निर्गत करने के संबंध में (संघ का पत्रांक–37 दिनांक–26.07.2012 )।
4. छुट्टी यात्रा रियायत की सुविधा में केन्द्रीय कर्मियों की तरह राज्य सरकार के कर्मियों/पदाधिकारियों को वायुयान यात्रा एवं उपार्जित अवकाश नगदीकरण की स्वीकृति के संबंध में (संघ का पत्रांक–38 दिनांक–26.07.2012 )।

से संबंधित ज्ञापन प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना को संघ के प्रतिनिधि मंडल द्वारा मिलकर सौंपा गया था। इस ज्ञापन के संदर्भ में विभाग द्वारा अद्यतन किसी प्रकार की कार्रवाई किये जाने की सूचना संघ को प्राप्त नहीं है।

अतः भवदीय से अनुरोध होगा कि कृपया अपने स्तर से उक्त ज्ञापन में सौंपे गये समस्याओं का निष्पादन शीघ्र करवाना चाहेंगे।

अनुलग्नक :– समर्पित ज्ञापनों की छायाप्रति।

विश्वासभाजन

6/9/12

(सुशील कुमार)
महासचिव